# बिहार सरकार
# ग्रामीण कार्य विभाग

## कार्यालय आदेश

का०आ०सं० :–2/अ०प्र०–1–111/2022(खण्ड) 68 /पटना, दिनांक :– 17-10-23

श्री राजेश्वर प्रसाद सिंह, कनीय अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बक्सर के विरूद्ध अधीक्षण अभियंता, राज्य गुणवत्ता समन्वयक, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के जॉच प्रतिवेदन दिनांक 31.12.2022 के आलोक में T01- Tiyara to Dhansoi via harpur Banni (VR-1)(BR08P3R01) पथ में WBM Layer में Specified size के Stone Metal का उपयोग नहीं किये जाने एवं निर्धारित मात्रा से अधिक Filler Material का इस्तेमाल होने के आरोप में आरोप पत्र गठित कर कार्यालय आदेश संख्या–44 सह–पठित ज्ञापांक–1266 अनु0 दिनांक 24.05.2023 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी, जिसके निमित्त मुख्य अभियंता–1, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को संचालन पदाधिकारी एवं श्री अजित कुमार, सहायक अभियंता, मुख्य अभियंता–1 का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

2. मुख्य अभियंता–1–सह–संचालन पदाधिकारी के पत्रांक 2648 अनु0 दिनांक 22.08.2023 द्वारा विभाग को जॉच प्रतिवेदन समर्पित किया गया। जॉच प्रतिवेदन में श्री सिंह के विरूद्ध गठित सभी आरोपों को अप्रमाणित पाया गया।

3. जॉच प्रतिवेदन के समीक्षोपरान्त उससे सहमति व्यक्त करते हुए श्री राजेश्वर प्रसाद सिंह, कनीय अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बक्सर को प्रश्नगत् आरोपों से मुक्त करने का निर्णय लिया गया है।

अतः उक्त के आलोक में श्री राजेश्वर प्रसाद सिंह, कनीय अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बक्सर को प्रश्नगत आरोपों से मुक्त किया जाता है।

17/10/23

(अमरेन्द्र कुमार सिन्हा)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः— 2/अ०प्र०—1—111/2022(खण्ड) 2281 /पटना/दिनांकः— 17.10.23

**प्रतिलिपिः**— सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग/विशेष सचिव के निजी सहायक, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, आरा/कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बक्सर/प्रशाखा पदाधिकारी—4/5, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/विभागीय आई0टी0 मैनेजर/श्री राजेश्वर प्रसाद सिंह, कनीय अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बक्सर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(ह०) 17/10/23

अभियंता प्रमुख